# बकिया बराज के पास भीषण सड़क हादसा, अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गंभीर

जिले के बकिया बराज के समीप आज एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार पिकअप और मोटरसाइकिल के बीच हुई सीधी और जोरदार भिड़ंत ने खुशियों को मातम में बदल दिया।

सतना।

इस जबरदस्त टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों में से एक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जबकि दूसरा व्यक्ति जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,भिड़ंत इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई।सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुँचे। एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दूसरे घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहाँ उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जाँच शुरू कर दी है और फरार पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।



## बारात से लौट रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक ही परिवार के 3 लोग गंभीर रूप से घायल

**सतना।** मैहर थाना क्षेत्र के कटनी मोड़ पर एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है।यहाँ एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।जानकारी के अनुसार,पीड़ित साकेत परिवार के सदस्य हैं और मैहर के बेरमा गांव के निवासी हैं। वे एक बारात समारोह से वापस लौट रहे थे,तभी कटनी मोड़ के पास अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत मैहर सिविल अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।



## खबर संक्षेप

### दानापुर-एलटीटी ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**मैहर।** ट्रेन संख्या 01144 (दानापुर-LTT) से टकराकर एक अज्ञात महिला (40-45 वर्ष) की मृत्यु हो गई है। मृतका ने लाल-बैंगनी साड़ी,काला ब्लाउज और गले में दो चाबियां पहनी हैं। जानकारी होने पर जीआरपी चौकी प्रभारी को सूचित करें। कृपया परिजनों की तलाश में सहयोग करें।

### सतना और मैहर में ओलावृष्टि के साथ भारी बारिश, भीगा किसानों का सोना

**सतना।** विंध्य क्षेत्र में मंगलवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। सतना शहर समेत मैहर जिले और अमरपाटन क्षेत्र में तड़के गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश हुई। कई इलाकों में ओले गिरने से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई,वहीं खरीदी केंद्रों में खुले में रखा गेहूं भीगने से किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। सतना में तड़के गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ीं और ओले भी गिरे। बारिश के कारण अधिकतम तापमान 34.8C और न्यूनतम 20.9C पर आ गया है।हवा में नमी का स्तर 77 /41 दर्ज किया गया। मैहर जिले में जोरदार बारिश का दौर जारी रहा।ओलावृष्टि के कारण फसलों को नुकसान पहुँचा है। सबसे चिंताजनक स्थिति खरीदी केंद्रों की रही,जहाँ तिरपाल की कमी के कारण किसानों का गेहूं भीग गया है। अमरपाटन में 'झमाझम' बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरे। अचानक हुई इस ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और सड़कों पर सफेद चादर सी बिछ गई।

**किसानों की बढ़ी चिंता-** अचानक हुई इस बारिश ने प्रशासन के इंतजामों की पोल खोल दी है। मैहर और अमरपाटन के खरीदी केंद्रों में रखा लाखों क्विंटल गेहूं भीगने की खबर है। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते अनाज का उठाव हो गया होता,तो इस नुकसान से बचा जा सकता था।

### दूषित पानी पीने को मजबूर है वार्डवासी

**मैहर।** ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति ने लगाया आरोप मैहर नगर पालिका मैहर के वार्डों में स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं कर पा रही मैहर के वार्ड क्रमांक 14 में बीते कई महीनों से गंदे पानी की सप्लाई से हालात चिंताजनक बने हुए हैं। रहवासियों को मजबूरी में दूषित पानी पीना पड़ रहा है,जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। भीषण गर्मी के बीच यह समस्या और भी भयावह रूप लेती जा रही है। इस मामले को लेकर वार्ड पार्षद मंजू गुप्ता द्वारा कई बार नगर पालिका अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया,लेकिन अब तक पाइपलाइन सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लगातार शिकायतों के बावजूद लापरवाही बरतने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया,तो स्थिति इंदौर जैसी किसी बड़ी घटना का रूप ले सकती है। सवाल उठ रहा है कि क्या नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी किसी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।



### शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**मैहर।** कलेक्टर मैहर बिदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी मैहर दिव्या पटेल ने बहुउद्देशीय सेवा सहकारी संस्था सोनवारी द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोठी के तत्कालीन विक्रेता शिवगोपाल सिह के विरूद्ध मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये थे। कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी मैहर प्रियंका अग्रवाल ने संबंधित दुकान विक्रेता द्वारा जून 2025 से नवम्बर 2025 तक ग्रामीणों का फिगर प्रिंट मशीन में अंगूठा लगवाने के बावजूद भी लगभग 6 लाख 25हजार 987 रूपये मूल्य का खाद्यान्न गेहूं,चावल,नमक,शक्कर उपभोक्ताओं को वितरित नहीं करने पर पुलिस थाना कोतवाली जिला मैहर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के तहत एफआईआर दर्ज करा दी है।



## रामपुर बाघेलान में बकरी चोरी के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, बिदा रोड पर चक्काजाम



सतना।

रामपुर बाघेलान थाना अंतर्गत ग्राम बिदा में लगातार हो रही बकरी चोरी की घटनाओं और पुलिस की कथित निष्क्रियता ने ग्रामीणों को सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया। अपनी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई न होते देख,नाराज ग्रामीणों ने आज बिदा रोड पर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्राम बिदा से लगातार बकरियां चोरी हो रही थीं,जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। कार्रवाई न होने से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने सुबह ही बिदा मुख्य मार्ग पर पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और चक्काजाम कर दिया। जाम के चलते यात्री बसें,मालवाहक वाहन और निजी गाड़ियां घंटों फंसी रहीं,जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि चोरी की वारदातों से उनका आर्थिक नुकसान हो रहा है। चोरी की घटनाओं का तत्काल खुलासा किया जाए। क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाइश देकर जाम खुलवाया।

## कलेक्टर और महापौर ने सुनीं जनता की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश






सतना।

शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला मुख्यालयों और नगर निगम कार्यालय में 'जनसुनवाई' का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर और महापौर ने दूर-दराज से आए आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर उनके निराकरण के आदेश दिए।

**कलेक्ट्रेट में उमड़ी भीड़: 95 आवेदकों ने लगाई गुहार**

जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से 95 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने जनसुनवाई की अध्यक्षता की। उनके साथ अपर कलेक्टर विकास सिंह,एसडीएम एल.आर.जांगड़े और डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने एक-एक कर सभी आवेदकों से संवाद किया और उनकी शिकायतों को दर्ज कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

**नगर निगम: पीएम आवास और अतिक्रमण की रही प्रधानता**

नगर निगम कार्यालय में महापौर योगेश ताम्रकार और निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने जनता की शिकायतें सुनीं। यहाँ कुल 23 आवेदक पहुँचे।

**पीएम आवास: सबसे ज्यादा 6 शिकायतें प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित रहीं।**

अतिक्रमण: अतिक्रमण शाखा से संबंधित 6 मामले सामने आए। पेयजल: पानी की समस्या को लेकर 4 आवेदक पहुँचे। अन्य विभाग: स्थापना (2), जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र (2), योजना शाखा (2) तथा विद्युत एवं निर्माण शाखा से संबंधित 1-1 शिकायत प्राप्त हुई। महापौर ने आवेदकों को बैठाकर उनकी बातें सुनीं और निगम अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**मैहर: नवनियुक्त कलेक्टर ने सुनी जनसमस्याएं**

नवगठित जिले मैहर में भी जनसुनवाई का आयोजन हुआ। कलेक्टर श्रीमती विदिशा मुखर्जी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन, एसडीएम मैहर श्रीमती दिव्या पटेल,डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल और महिला बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बागरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण शासन की प्राथमिकता है,इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सीएमओ ने वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



मैहर।

शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मैहर सीएमओ प्रिंस अग्रवाल एक्शन मोड में नजर आए। आज मंगलवार को सीएमओ प्रिंस अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 14,15,16,17,20 एवं 21 में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी।निरीक्षण के दौरान प्रिंस अग्रवाल ने साफ तौर पर कहा कि शहर के किसी भी वार्ड में गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने सफाई प्रभारी कृष्ण सिंह बघेल छोटे को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी वार्डों में नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए। लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई के भी संकेत दिए। श्री अग्रवाल ने नालियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया और मौके पर ही सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सफाई व्यवस्था में सुधार तुरंत दिखना चाहिए। इस दौरान सफाई प्रभारी कृष्ण सिंह बघेल,सुपरवाइजर मनोज प्रजापति,धीरज निर्भय सहित अन्य सफाईकर्मी भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस सख्ती से साफ है कि सीएमओ प्रिंस अग्रवाल शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए गंभीर हैं और अब लापरवाही पर सख्त कार्रवाई तय है।



## अवैध डीजल-पेट्रोल बिक्री पर अमदरा पुलिस की कार्रवाई, 200 लीटर ज्वलनशील पदार्थ जब्त

मैहर।

जिले के अमदरा थाना पुलिस ने अवैध रूप से डीजल और पेट्रोल बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम घुनवारा स्थित गणेश ढाबा पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान ढाबे के अंदर अवैध रूप से रखा गया ज्वलनशील पदार्थ बरामद किया गया।पुलिस ने मौके से कुल 150 लीटर डीजल (कीमत 13,978.5० रुपये) और 50लीटर पेट्रोल (कीमत 5,396 रुपये) जब्त किया। मामले में आरोपी संतोष साहू (30 वर्ष),निवासी घुनवारा थाना अमदरा के खिलाफ धारा 287 बीएनएस एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक टीकाराम कुर्मी,सहायक उप निरीक्षक सुशील अहिरवार,प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र सिंह,आरक्षक रवि सिंह एवं प्रमोद पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही। उल्लेखनीय है अभी एक माह पहले ही घुनवारा क्षेत्र में चल रहे ढाबों में अवैध पेट्रोल एवं डीजल बिक्री किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने दबिश देकर काफी मात्रा में पेट्रोल और डीजल जब्त किया गया था।

## अवैध शराब परिवहन पर देहात पुलिस की सतर्कता से बड़ी कार्रवाई

### 72 लीटर शराब एवं वाहन जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** थाना देहात पुलिस को मुखबिर से आज सूचना प्राप्त हुई कि अमरपाटन की ओर से एक मैजिक वाहन में अवैध शराब भरकर मैहर लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक पंचराज सिंह ने तत्काल टीम गठित कर कार्रवाई की योजना बनाई। पुलिस टीम ने बिना देर किए बताए गए मार्ग पर घेराबंदी कर निगरानी शुरू कर दी। कुछ ही समय में संदिग्ध मैजिक वाहन (क्रमांक एमपी 19एमएल 1858) नजर आया। पुलिस ने वाहन को रोककर तलाशी ली तो वाहन में 08 कार्टूनों में भारी मात्रा में अवैध शराब भरी हुई थी। जिनमें 06 कार्टून अंग्रेजी गोवा शराब 54 लीटर और 02 कार्टून में प्रिंस प्लेन शराब 18 लीटर भरी हुई थी इस तरह कुल 72 लीटर अवैध शराब, जिसकी कीमत लगभग 49,000 रुपये थी, बरामद की गई। साथ ही करीब 5 लाख रुपये कीमत का मैजिक वाहन भी जप्त किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो आरोपियों-राहुल चौरसिया (21 वर्ष) और सूरज चौरसिया (20 वर्ष),निवासी चौरसिया मोहल्ला,मैहर को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि उनका एक साथी आशीष चौरसिया मौके से फरार होने में सफल रहा,जिसकी तलाश जारी है।पूछतांछ में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी अवैध शराब को मैहर में बेचने के उद्देश्य से लेकर जा रहे थे।पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी में राहुल चौरसिया पिता नत्थूलाल चौरसिया उम्र 21 वर्ष एंव सूरज चौरसिया पिता जीवनलाल चौरसिया उम्र 20 वर्ष दोनो निवासी वार्ड क्र.12 चौरसिया मोहल्ला मैहर थाना मैहर वहीं आशीष चौरसिया फरार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला गया। बताया गया है कि फरार आरोपी आशीष चौरसिया के विरुद्ध थाना मैहर में पूर्व से ही लगभग 20 से अधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं,जिनमें मुख्यतः आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34ए, 36 के तहत अवैध शराब निर्माण, परिवहन एवं विक्रय से संबंधित मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की गंभीर धाराएं 294,323,427,506,34 के तहत भी अपराध दर्ज होना पाया गया है,साथ ही मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पंचराज सिंह,उप निरीक्षक आर.पी.रावत,प्रधान आरक्षक ऋषभ छारी,आरक्षक संजय यादव एवं महिला आरक्षक अंकिता द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही।



**खबर संक्षेप**

## ऋषिका त्रिपाठी ने 12वीं कॉमर्स में रचा इतिहास



**पन्ना।** ऋषिका बृजेश कुमार त्रिपाठी ने गुजरात माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कॉमर्स परीक्षा में 99.97 पर्सेंटाइल (च्) हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है। वह आशादीप विद्यालय, सूरत की छात्रा हैं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार, समाज और क्षेत्र में खुशी की लहर है। जारी अंकसूची के अनुसार ऋषिका ने कुल 700 में से 675 अंक प्राप्त कर ।1 ग्रेड हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन भी बेहद शानदार रहाकृअंग्रेजी में 94, अर्थशास्त्र में 99, संगठन एवं प्रबंधन में 96, सांख्यिकी में 100, लेखा के तत्वों में 99 तथा सेकरेटेरियल प्रैक्टिस में 95 अंक प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि ने उन्हें मेधावी छात्रों की श्रेणी में अग्रणी स्थान दिलाया है। मूल रूप से पन्ना धाम से संबंध रखने वाली ऋषिका वर्तमान में सूरत में निवासरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पन्ना के धामी समाज के प्रबुद्धजन, परिजन और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है। उनकी माता राजश्री त्रिपाठी ने बताया कि ऋषिका शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित और अनुशासित रही हैं। उनकी इस सफलता के पीछे नियमित अध्ययन, शिक्षकों का मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऋषिका आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएं और अपने सपनों को साकार करें।ऽ

## आंगनवाड़ी सहायका भर्ती को लेकर जनसुनवाई में लगाया आवेदन की आपत्ती प्रस्तुत

**पन्ना।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायका भर्ती में कल्पना मुड़हा पति कुम्हार लूनिया निवासी ग्राम ककरहा पोस्ट गिरवारा तहसील देवेन्द्रनगर ग्राम पंचायत सिलगी का है जो अपने आप में स्थाई निवासी बताते है वहीं 29 जून 2025 को आंगनवाड़ी सहायका भर्ती को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था वहीं जो अंतिम चयन सूची जारी हुई उसमें नाम न होने से अन्याय पूर्ण रूप से सूची से वंचित करने का आरोप लगाया तथा अपनी आपत्ती जनसुनवाई में कलेक्टर पन्ना को आवेदन के माध्यम से आपत्ती व्यक्त की है जिसमें आरोप लगाया चयनित आवेदिका को लेकर ग्राम क्षेत्र के वार्ड की निवासी नहीं जबकि नियमानुसार उसी ग्राम व वार्ड की निवासी को प्राथमिकता दी जानी चाहिये। इस तरह से आंगनवाड़ी सहायका के पद पर जो प्रक्रिया की गई है उसकी निष्पक्ष जांच कराकर कलेक्टर पन्ना से न्याय की मांग की है। देखना यह है कि आखिर इस मामले में जनसुनवाई में दियसे गये आवेदन पर आवेदिका को क्या मिलता है न्याय।

## प्रभारी डिप्टी कलेक्टर को सौंपा जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने प्रशासनिक सुविधा के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से प्रभारी डिप्टी कलेक्टर पन्ना अनिल कुमार तलैया को जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना का प्रभार आगामी आदेश तक सौंपा है। अमित कुमार जैन द्वारा पूर्ववत सहायक संचालक शिक्षा के दायित्व का निर्वहन किया जाएगा।

## डाकघर में विशेष आधार महाअभियान का आयोजन 8 एवं 9 मई को

**पन्ना।** भारतीय डाक विभाग सतना संभाग द्वारा आम जनता को आधार संबंधी सेवाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से आगामी 8 एवं 9 मई को दो दिवसीय विशेष आधार महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए नागरिक अपने आधार कार्ड में नया नामांकन और अपडेशन आसानी से करवा सकेंगे। यह सुविधा मुख्य डाकघर पन्ना एवं उप डाकघर अजयगढ़ में भी उपलब्ध रहेगी। इस अभियान के दौरान सभी सामान्य आधार केन्द्रों का संचालन सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा, जबकि जनहित के दृष्टिगत प्रधान डाकघर में यह सुविधा रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी। केन्द्रों पर नागरिकों की सुविधा के लिए पेयजल, छाया और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# पन्ना टाइगर रिजर्व अंतर्गत अमानगंज बफर में टाइगर की मौत को लेकर मचा हड़कम्प

### विगत 15 दिवस में दूसरे टाइगर की मौत को लेकर अब कई तरह के सवाल हो रहे खड़े

पन्ना।





26 अप्रैल 2026 को पन्ना टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र अमानगंज बफर के तारा के पास उक्त बाघ का रेस्क्यू किया गया था रेस्क्यू के उपरांत बाघ को पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में कालर आईडी पहनाकर स्वपस्थ अवस्था में छोड़ा गया था पन्ना टाइगर रिजर्व के चिकित्सकों ने बाघ के शरीर के विभिन्न अंगों में घाव व स्किल बॉन टूटी पाई तथा अनुमान दूसरे बाघ से संघर्ष को लेकर मौत का कारण माना जा रहा है पर यहां 15 दिवस के अंदर पन्ना टाइगर रिजर्व में दूसरे बाघ की मौत को लेकर हड़कम्प एक बाघ की तो अवशेष बटोरने जैसे हालात रहे यहां दूसरे बाघ की मौत मानीटरिंग भी होती है फिर भी यहां इस बाघ की मौत ने मृत्यू का प्रथम कारण आपसी संघर्ष का होना बयां किया गया है प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यू के कारण स्पष्ट होने की बात भी कही जा रही है। पीएम के दौरान लिये गये समस्त सेंपल सक्षम प्रयोगशाला में जांच के लिये भेजे गये है। बाघ की मौत अमानगंज बफ र के अंतर्गत बताई जा रही है वहीं बव अपराध प्रकरण भी दर्ज कर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य मुख्य वन जीव अभिरक्षक म0प्र0 भोपाल से जारी दिशा निर्देश के अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना स्थल को सुरक्षित किया गया था डॉग स्टॉड की सहायता से आसपास के क्षेत्र में छान-बीन भी की गई। बाघ के पोस्टमार्टम वनजीव विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ0 संजीव कुमार गुप्ता वहीं डॉ0 प्रियंका सिंह प्शु चिकित्सा अधिकारी पन्ना के द्वारा किया गया है। वनजीव बाघ के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। वहीं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शव दाह भस्मीकरण की कार्यवाही बृजेन्द्र श्रीवास्तव क्षेत्र संचालक व बीरेन्द्र कुमार पटेल उप संचालक कृष्ण कुमार मरावी सहायक संचालक पन्ना श्रीमती ममता मिश्रा तहसीलदार अमानगंज चन्द्रभान तिवारी एनआईटीसीए प्रतिनिधि नितिन भुर्जी मामन जागृति व मंच समिति पन्ना विजय सोनी सरपंच ग्राम पंचायत विक्रमपुर परिक्षेत्र अधिकारी अमानगंज एवं वन अमले की उपस्थिती में टाइगर का अंतिम संसकार किया गया है। गौरतलब बात यह है कि जहां चिकित्सकों ने अपनी ही रिपोर्ट में सभी अंग बाघ के सुरक्षित पाये गये है यह प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है वहीं उक्त बाघ के शरीर के विभिन्न अंगों में घाव के निशान व टमतजमइतंसा इवदकए कानसस इवदम को टूटी पाई गई। बताया गया है इस तरह से बाघ की मौत को लेकर जहां चर्चा का विषय बना हुआ है। पन्ना टाइगर रिजर्व की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर चर्चा का विषय 15 दिवस के अंदर दूसरे बाघ की मौत।

# विहिप-बजरंग दल का सप्त दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ





पन्ना।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ पन्ना स्थित सुदर्शन छात्रावास में विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गौ माता के पूजन, राम दरबार के माल्यार्पण एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय सेवा प्रमुख श्री अजय जी पारीख ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को ओजस्वी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने संगठन की विचारधारा, राष्ट्र सेवा और युवा शक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा प्रशिक्षण वर्ग के उद्देश्य को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग में महाकौशल प्रांत के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। सात दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में शारीरिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





# बदला नहीं बदल कर दिखाना, जेल नहीं सुधार ग्रह समझो : ब्रह्माकुमारी

### जीवन है अनमोल नशे से ना करो मोल, ब्रह्माकुमारी

**पन्ना।** ब्रह्माकुमारी पन्ना के द्वारा पवई सब जेल में कैदियों के लिए नशा मुक्ति का कार्यक्रम रखा गया। ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी कैदियों को समझाते हुए कहा कि भूल हो जाना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन गलती करके सुधार लाना पश्चाताप करके हमें जीवन में परिवर्तन लाना है, यह संकल्प करना है, आगे आपने कहा कर्मों के आधार पर ही यह संसार चलता है अपने ही किए हुए कर्मों से व्यक्ति महान या कंगाल बनता है अपने कर्मों में परिवर्तन लाने से ही हम अपराध मुक्त बनते हैं। जब हम ध्यान मेडिटेशन करेंगे तो हमारी इंद्रियां संयमित होती,हमारा आत्मविश्वास आत्म जागृति और मनोबल बढ़ता है इसलिए हमें रोज ध्यान अवश्य करना है जिससे हमें अच्छे बुरे की परख होती है और हम अपराध मुक्त बन सकते हैं, क्षणिक गुस्सा से व्यक्ति का पूरा जीवन संघर्षमय हो जाता है,इसलिए हमें अपने जीवन से बुराइयों,विकारों हर प्रकार के नशे को जल्दी से जल्दी खत्म करने का संकल्प करना है इच्छा शक्ति बहुत बड़ी शक्ति है, जब हम अपने जीवन में ध्यान को शामिल कर लेते हैं तो आंतरिक शक्तियां जागृत होती हैं जो हमें गलत कार्य करने से रोकती हैं। ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को ध्यान की विधि बताई एवं अभ्यास कराया साथ में आपने चित्रों के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान एवं उन्हें छोड़ने की विधि बताई सभी ने व्यसन,नशा बुरी आदत छोड़ने की ली प्रतिज्ञा कार्यक्रम में श्रीमान मुनेंद्र मिश्रा(जेलर) ने कहा आपने जो बताया उसको अपने जीवन में धारण करके सुधार लाना है पुनः आने की अपील की एवं कार्यक्रम की सराहना की, सभी स्टाफ उपस्थित रहा।



# जनगणना 2027 के लिए प्रगणक तैयार कर रहे नजरी नक्शा, घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन

**पन्ना (पवई)।** आगामी जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य के पहले चरण में शनिवार, 2 मई 2026 को प्रगणकों ने अपने-अपने आवंटित ब्लॉक का नजरी नक्शा तैयार कर रहे। पर्यवेक्षक शिक्षक सतानंद पाठक सहित सभी प्रगणकों ने गांव की गलियों, मोहल्लों और मकानों की स्थिति का रेखाचित्र बनाया। नजरी नक्शा यानी ले-आउट मैप में मुख्य रास्ते, मंदिर, स्कूल, पंचायत भवन, हैंडपंप और सभी मकानों को क्रम से दर्शाया गया है। इसका उद्देश्य है कि सूचीकरण के दौरान कोई भी मकान छूटने न पाए और प्रगणक को क्षेत्र की पूरी जानकारी रहे। पर्यवेक्षक ने बताया कि नक्शा तैयार होने के बाद प्रगणक घर-घर जाकर मकान नंबर डालेंगे और परिवारों की जानकारी एकत्र करेंगे। नजरी नक्शे में हर मकान को एक यूनिक नंबर दिया जाएगा। पर्यवेक्षक शिक्षक सतानंद पाठक ने ग्रामीणों से अपील है कि जनगणना कर्मी के आने पर सहयोग करें और सही जानकारी दें। नजरी नक्शा तैयार होने से मकान सूचीकरण का कार्य तेजी से पूरा होगा।

# ढाबों पर वन विभाग की औचक कार्रवाई, अवैध जलाऊ लकड़ी पर शिकंजा, पुनरुत्पादन की कटाई पर विशेष निगरानी

पन्ना।






दक्षिण पन्ना वन विभाग द्वारा आज पवई रेंज में कई होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबों पर औचक जांच अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य अवैध जलाऊ लकड़ी के उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा। जांच के दौरान अधिक मात्रा में लकड़ी रखने वाले प्रतिष्ठानों से बिल एवं ट्रांजिट पास की मांग की गई। संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए लकड़ी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। विभाग द्वारा यह भी रेखांकित किया गया कि इस प्रकार की लकड़ी प्रायः पुनरुत्पादन (छोटे पेड़/पौधे, जो भविष्य में वृक्ष बन सकते हैं) की अवैध कटाई से प्राप्त होती है, जिससे वन के दीर्घकालीन संरक्षण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध कटाई पर अंकुश लगाने हेतु मांग पक्ष (डिमांड साइड) पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है, और इसी दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण कदम है। कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक श्रीनिवास पाण्डेय के नेतृत्व में वनरक्षक मनीष वर्मा, रामजी गर्ग, पुष्पेंद्र पाल, गायत्री सिंह, सचिन राठौरिया एवं अशोक बागरी की सक्रिय सहभागिता रही। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि व्यावसायिक स्तर पर अवैध भंडारण या उपयोग पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी, ताकि वन संपदा एवं भविष्य के वनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पन्ना से अमानगंज-सिमरिया मार्ग जर्जर हालात में





### मरहम पट्टी कर गिट्टी डस्ट डालकर चल रही लीपा पोती, रोज वाहन से गिरकर लहूलुहान हो रहे राहगीर, शासन प्रशासन मौन

पन्ना।

अमानगंज से सिमरिया को जोड़ने वाला स्टेट हाईवै भ्-49 इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हालात ऐसे हैं मानो सड़क खुद बीमार होकर स्ट्रेचर पर पड़ी हो और उसकी मरहम-पट्टी केवल गिट्टी और डस्ट डालकर की जा रही हो। प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े दावे खोखले होते जा रहे हैं, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आती है। जहां अमानगंज से सिमरिया स्टेट हाईवे जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो चुका है, हालात जर्जर और दयनीय हो चुकी है। रोड पर इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं कि छोटे मोटे वाहन आधे धंस सकते हैं, पन्ना-दमोह मार्ग का पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण कार्य वर्ष 2020 से 2022 के बीच मध्यप्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में किया गया था, उस समय के अनुसार सड़क का निर्माण परिवहन की क्षमता अनुरूप किया गया था लेकिन कुछ ही वर्षों में सड़क की हालत फिर से जर्जर हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भारी भरकम ओवरलोड वाहन, खासकर जेके सीमेंट प्लांट से जुड़े ट्रांसपोर्ट, इस सड़क को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षमता से अधिक भार ढोने वाले ट्राले और डंपर लगातार सड़क की परतें उधेड़ रहे हैं, जिससे जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। स्थिति यह है कि छोटे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए इस मार्ग पर चलना किसी जोखिम से कम नहीं। दुर्घटनाओं की आशंका हर समय बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि अब तक इस गंभीर समस्या पर मौन हैं। ठेकेदारों द्वारा केवल औपचारिकता निभाते हुए गिट्टी और डस्ट डालकर मरहम पट्टी कर मरमत की जा रही है, जो कुछ ही दिनों में फिर से उखड़ जाती है। इससे साफ जाहिर होता है कि स्थायी समाधान की बजाय सिर्फ दिखावटी काम किया जा रहा है। सवाल ये है कि क्या विकास केवल कागजों और भाषणों तक ही सीमित रहेगा? क्या आम जनता को इसी तरह बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ेगा? क्या प्रदेश की जनता को विकास के नाम पर गुमराह करना इतना आसान हैं? क्या प्रदेश की जनता वाहनों का टोल टैक्स का पैसा मुफ्त में लिया रहा है जिले में टोल टैक्स के नाम पर लूट मची है फिर भी जनता का अमेरिका जैसी सड़कों का सपना चकनाचूर हो रहा है।

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर दो कर्मचारी निलंबित

पन्ना।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऊषा परमार द्वारा तहसीलदार एवं ग्रामीण चार्ज जनगणना अधिकारी अमानगंज के प्रतिवेदन पर जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले दो कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई की है। इनमें शासकीय प्राथमिक शाला सप्तई के प्राथमिक शिक्षक रामशिरोमणि शुक्ला एवं शासकीय प्राथमिक शाला ककरा के सहायक शिक्षक हीरालाल समदरिया शामिल हैं।निलंबन आदेश में उल्लेखित है कि दोनों कर्मचारियों द्वारा जनगणना 2027 के तहत आयोजित प्रशिक्षण प्राप्त किया गया, लेकिन तत्समय बीमारी के संबंध में कोई आवेदन या अस्वस्थता संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। सुपरवाईजर द्वारा संपर्क करने पर संबंधित के द्वारा बीमारी संबंधी मौखिक जानकारी दी गई, जबकि इसकी पुष्टि में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। दोनों कर्मचारियों को जनगणना कार्य के लिए एचएलबी का आवंटन भी किया गया था, लेकिन इनके द्वारा दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती गई, जबकि जनगणना कार्य के दृष्टिगत पूर्व में सभी लोकसेवकों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया था तथा बीमारी के कारण अवकाश की स्थिति में जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश के बावजूद प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया एवं स्वेच्छाचारिता प्रदर्शित करते हुए जानबूझ कर जनगणना के राष्ट्रीय कार्यक्रम से अनुपस्थिति प्रस्तुत की गई। प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा निलंबन पश्चात इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शाहनगर निर्धारित किया गया है। निलंबन काल में इन्हे जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी।

**उप संचालक कृषि को सहायक ग्रेड-3 के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश-** अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने जनगणना कार्य में उपस्थिति दर्ज नहीं कराने तथा मेडिकल बोर्ड के समक्ष भी प्रस्तुत नहीं होने पर उप संचालक कृषि कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 अरविंद सिंह गौड़ के विरूद्ध प्रभावी अनुशासनात्मक कार्यवाही कर तत्काल अवगत कराने के निर्देश नियुक्ति प्राधिकारी एवं उप संचालक कृषि को जारी किए हैं। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। पूर्व में संबंधित कर्मचारी को 24 घंटे के अंदर मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा कृषि विभाग के उप संचालक को आवश्यक कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया था।

बागेश्वर सरकार ने निर्धारित की किराए की दरें

# बागेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं से नहीं होगी किराए के नाम पर ज्यादा वसूली

**टावर तक 10 रूपये, दुरियागंज स्टेशन के 15 रूपये, खजुराहो रेलवे स्टेशन के लगेंगे 40 रूपये**



छतरपुर।

बागेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब उन्हें परिवहन के नाम पर मनमानी वसूली का सामना नहीं करना पड़ेगा। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा टैक्सी के किराए निर्धारित कर दिए गए हैं जिससे यात्रियों को पारदर्शी और सस्ती सुविधा मिल सकेगी। निर्धारित दरों के अनुसार, टावर तक का किराया 10 रुपये, डुडियागंज स्टेशन तक 15 रुपये और खजुराहो रेलवे स्टेशन तक 40 रुपये तय किया गया है। महाराज श्री ने बीती शाम सभी टैक्सी चालकों के साथ एक आवश्यक बैठक कर किराया निर्धारित किया। उन्होंने बताया कि बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बैठक में यह निर्णय लिया है कि बड़े कथा पंडाल के पास स्टैंड के रूप में एक स्थान निर्धारित कर टैक्सी चालक ऑन को प्रदान किया जाए। इस स्थान से मंदिर की दूरी महज 300 मीटर है। श्रद्धालु आसानी से बालाजी के दर्शन कर सकेगा इसके अलावा कथा पंडाल के ठीक सामने बस और कार के लिए स्थान आरक्षित किया गया है। पूरी तरह से खुले वातावरण में श्रद्धालु रहकर अपनी ज़रूरतें पूरी कर सकेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुलभ और किफायती यात्रा उपलब्ध कराना है।

बागेश्वर जन सेवा समिति द्वारा बसों और कारों के लिए भी सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था की गई है। खास बात यह है कि टैक्सी, बस और कार स्टैंड की सुविधा श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है।सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही पूरे परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे भी लगाए जाएंगे जिससे व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पर नजर रखी जा सकेगी। इस नई व्यवस्था से बागेश्वर धाम आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी और यात्रा अनुभव पहले से अधिक सुगम व सुरक्षित होगा।

## तेज आंधी में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक युवक की मौत, दो गंभीर घायल

छतरपुर।



जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मौराहा में तेज आंधी के दौरान बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। आंधी के कारण सामने से आ रही एक बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और दूसरी बाइक से आमने-सामने टकरा गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हुए, जिनमें से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान रामकिशोर उर्फ बाबू कुशवाहा (26 वर्ष), निवासी मंडी के पीछे, छतरपुर के रूप में हुई है। वह एक शादी समारोह से लौट रहा था। वहीं दूसरी बाइक पर सवार कोमल कुशवाहा (25 वर्ष) और महेश कुशवाहा (32 वर्ष), निवासी ग्राम मौराहा, गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कोमल और महेश खेत से वापस आ रहे थे, तभी अचानक आई तेज आंधी के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार्वजनिक कूप निर्माण की मजदूरी डकारने का आरोप, पीड़ित ने जिला पंचायत सीईओ से लगाई गुहार



छतरपुर। जनपद पंचायत बकस्वाहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरई में सार्वजनिक कूप निर्माण के दौरान मजदूरी और मशीनरी के भुगतान में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ग्राम निवार निवासी गब्बर सिंह लोधी ने मंगलवार को जन सुनवाई में जिला पंचायत सीईओ को शिकायती पत्र सौंपकर बकाया राशि दिलाने की मांग की है।

शिकायतकर्ता गब्बर सिंह के अनुसार, ग्राम पंचायत चौरई की सरपंच गुड़िया यादव के पति देवेन्द्र यादव ने उन्हें ग्राम शेखसेमरा में सार्वजनिक कुआं खोदने का कार्य सौंपा था। सरपंच पति ने वादा किया था कि हर हफ्ते मजदूरी और जुगाड़ मशीन का भुगतान किया जाएगा। उनके कहने पर गब्बर सिंह ने निवार गांव से मजदूर, जुगाड़ मशीन और डीजल इंजन की व्यवस्था की।

शिकायत में बताया गया है कि करीब 25 फीट गहरा और 40 फीट चौड़ा कुआं खोदा गया, जिसमें कुल 3,23,350 रुपये का खर्च आया। इसमें से सरपंच पति ने केवल 1,61,000 रुपये का ही भुगतान किया है, जबकि 1,62,350 रुपये अभी भी बकाया हैं। भुगतान समय पर न मिलने के कारण मजदूरों ने काम बंद कर दिया है। गब्बर सिंह का कहना है कि बकाया पैसा मांगने पर सरपंच पति आनाकानी कर रहे हैं। दूसरी ओर, जिन मजदूरों और मशीन मालिकों को गब्बर सिंह अपने साथ ले गए थे, वे अब उनके घर आकर रोजाना पैसों के लिए तकादा कर रहे हैं। मानसिक रूप से परेशान पीड़ित ने 29 अगस्त 2025 को प्रशासन से हस्तक्षेप कर जल्द भुगतान कराने की अपील की है।

## युवक ने एसपी से लगाई गुहार, ठेकेदारों पर गंभीर आरोप



छतरपुर। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। मनिहारी मोहल्ला निवासी एक युवक ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर शराब ठेकेदारों पर दबाव बनाने, धमकी देने और झूठे मामलों में फंसाने के आरोप लगाए हैं।पीड़ित युवक ने बताया कि वह पहले शराब ठेकेदारों के लिए काम करता था, लेकिन अब यह काम छोड़कर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा है। उसका आरोप है कि ठेकेदार प्रवीण पांडे और नवीन पांडे उस पर दोबारा अवैध शराब बेचने का दबाव बना रहे हैं।युवक के अनुसार, मना करने पर उसे झूठे मामलों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। साथ ही ठेकेदार का कर्मचारी मुकेश शिवहरे पुलिस के साथ मिलकर उस पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है और झूठी सूचनाएं देकर कार्रवाई करवाने का प्रयास कर रहा है।पीड़ित ने बताया कि 2 मई को कोतवाली पुलिस उसके घर पहुंची और तलाशी ली, लेकिन कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इसके बावजूद उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। युवक ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उसे व उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उसने बताया कि उसके परिवार में गर्भवती पत्नी और तीन बेटियां हैं, जिनकी सुरक्षा को लेकर उसे लगातार डर बना हुआ है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, चालक फरार



छतरपुर। शहर में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में सोमवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल की पहचान लक्ष्मण विश्वकर्मा (34) निवासी गुलगंज, हाल निवासी गौतम नगर छतरपुर के रूप में हुई है। वह पेशे से ट्रक ड्राइवर है और ट्रांसपोर्ट नगर से सामान लेकर अपने घर लौट रहा था। शाम करीब 5 बजे जैसे ही वह रास्ते में पहुंचा, सामने से आ रही काले रंग की तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि लक्ष्मण मौके पर ही बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच में उसके शरीर में तीन जगह फ्रैक्चर और सिर व हाथ में गंभीर चोट की पुष्टि की है। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग भी उठने लगी है।

## सुसाइड नोट मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं, बहन ने एसपी ऑफिस में लगाई गुहार



छतरपुर। जिले के नौगांव क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक विकास अहिरवार (34) की जेब से सुसाइड नोट मिलने के बावजूद अब तक आरोपियों पर मामला दर्ज नहीं होने से परिजनों में आक्रोश है। मंगलवार को मृतक की बहन व परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई।

परिजनों के मुताबिक 22 अप्रैल को विकास अचानक घर पहुंचा और काफी परेशान दिखाई दे रहा था। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे पहले सिविल अस्पताल और फिर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान पुलिस को मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें एक महिला समेत कुछ लोगों पर पैसे मांगने, ब्लैकमेल करने और मानसिक प्रताड़ना देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। नोट में कुछ मोबाइल नंबर भी लिखे हुए बताए गए हैं।

परिजनों का आरोप है कि इतना स्पष्ट साक्ष्य मिलने के बावजूद पुलिस ने अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं सीएसपी अरूण कुमार सोनी ने कहा कि नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक द्वारा आत्महत्या की गई थी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच जारी है। तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बागेश्वर धाम दर्शन से लौटते समय ई-रिक्शा से टक्कर, बाइक सवार की मौत, पत्नी घायल



छतरपुर। मंगलवार सुबह बागेश्वर धाम से दर्शन करके लौट रहे टीकमगढ़ जिले के बुड़ेरा गांव निवासी रामदयाल यादव की ई-रिक्शा से टक्कर में मौत हो गई। उनकी पत्नी संगीता यादव गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना कदारी क्षेत्र के पास मंगलवार सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच हुई। रामदयाल यादव अपनी पत्नी संगीता यादव के साथ बाइक पर सवार होकर बागेश्वर धाम से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक ई-रिक्शा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने दोनों को तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने रामदयाल यादव को मृत घोषित कर दिया। संगीता यादव का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मृतक के साले गणेश यादव ने बताया मेरे जीजाजी रामदयाल यादव पत्नी के साथ बागेश्वर धाम दर्शन करके टीकमगढ़ जिले के ग्राम बुड़ेरा लौट रहे थे। कदारी के पास अचानक ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया जहां रामदयाल की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

कच्चे मकान पर हजारों का बिजली बिल, कुर्की नोटिस से मचा हड़कंप

## एक बल्ब-पंखे पर 72 हजार का बकाया जनसुनवाई में बुजुर्ग ने लगाई गुहार



छतरपुर। जिले में बिजली बिलों को लेकर आमजन की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला एक बुजुर्ग मजदूर विहारी प्रजापति का सामने आया है, जिसने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाई। पीड़ित के अनुसार वह कच्चे मकान में रहता है, जहां केवल एक बल्ब और एक पंखा ही उपयोग में है, इसके बावजूद उसे पहले 46,168 रुपए का बिजली बिल थमा दिया गया, जो बढ़कर करीब 72 हजार रुपए तक पहुंच गया। मोन्टी प्रजापति निवासी ललौनी ने बताया कि मेरे पिताजी दो साल पहले खत्म हो गए थे। इतनी बड़ी राशि जमा करना उसके लिए संभव नहीं है, क्योंकि वह मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है। वहीं बिजली विभाग द्वारा बिल जमा न करने पर कुर्की की कार्रवाई का नोटिस भी जारी कर दिया गया है। नोटिस में सात दिनों के भीतर राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा भू-राजस्व संहिता के तहत संपत्ति कुर्क करने की चेतावनी दी गई है। मामले को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने संज्ञान लेते हुए जांच कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं बिजली विभाग के एई केएस घोषी ने कहा कि यह मामला आरईएस से जुड़ा है, रिकॉर्ड निकलवाकर जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि कुर्की नोटिस विभागीय प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन बिल अधिक कैसे आया, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इसमें बिजली विभाग और उपभोक्ता दोनों की लापरवाही है उपभोक्ता समय पर बिजली का बिल जमा नहीं करता इसलिए बिल बढ़ जाता है।

## पैराडाइज सिटी में सिस्टम और बिल्डर की मिलीभगत से रहवासी त्रस्त, मूलभूत सुविधाएं ठप, कलेक्टर से गुहार



छतरपुर। शहर की प्रतिष्ठित मानी जाने वाली पैराडाइज सिटी इन दिनों अव्यवस्थाओं और बिल्डर की मनमानी का केंद्र बन गई है। कॉलोनी के रहवासियों ने बिल्डर द्वारा की जा रही अवैध वसूली और नगर पालिका की उदासीनता के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। रहवासियों का आरोप है कि उन्हें बिल्डर और प्रशासन के बीच फुटबॉल बनाकर छोड़ दिया गया है, जिससे उनका दैनिक जीवन दूभर हो गया है।

मामले की जड़ बिल्डर द्वारा ली गई वह मोटी रकम है जो कॉलोनी निर्माण के समय प्रत्येक परिवार से वसूली गई थी। रहवासियों ने सनसनीखेज आरोप लगाया है कि पैराडाइज बिल्डर्स ने मेंटेनेंस के नाम पर प्रति आवास 50,000 रुपये जमा कराए, लेकिन आज तक इसकी कोई आधिकारिक रसीद नहीं दी गई। विडंबना यह है कि इतनी बड़ी राशि वसूलने के बावजूद 31 मार्च 2026 के बाद से बिल्डर ने कॉलोनी की सुध लेना पूरी तरह बंद कर दिया है। वर्तमान में स्थिति यह है कि सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मी और माली का वेतन न मिलने के कारण सेवाएं ठप हैं, जिससे मुख्य द्वार असुरक्षित हो गया है और पूरी कॉलोनी गंदगी की चपेट में है।कॉलोनी में रहने वाले परिवारों को दोहरा आर्थिक शोषण झेलना पड़ रहा है। एक तरफ बिल्डर एडवांस में लाखों रुपये डकार चुका है, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका को जल कर और संपत्ति कर देने के बावजूद रहवासियों को कोई सेवा नहीं मिल रही। जब भी नगर पालिका से गुहार लगाई जाती है, तो प्रशासन यह कहकर पल्ला झाड़ लेता है कि कॉलोनी अभी तक हैंडओवर नहीं हुई है। मजबूरन, अपनी सुरक्षा और सफाई के लिए रहवासी अब चंदा इक_ा कर व्यवस्था चला रहे हैं, जो उनके अनुसार सरासर अन्याय है।

सुरक्षा के लिहाज से भी हालात चिंताजनक हैं। बिल्डर के मालिकाना हक वाले 50 से अधिक खाली प्लॉटों में झाड़ियाँ उग आई हैं, जो जहरीले जीव-जंतुओं का बसेरा बन गई हैं। रहवासियों का कहना है कि बिल्डर ने एक फर्जी एनजीओ के जरिए उन्हें गुमराह किया है, जिसके नियमों में मेंटेनेंस का कोई जिक्र ही नहीं है। अंधेरे में डूबी गलियाँ और कटने की कगार पर खड़े बिजली कनेक्शनों ने यहाँ के निवासियों की रातों की नींद उड़ा दी है।

परेशान रहवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि पैराडाइज बिल्डर्स के खिलाफ तत्काल धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज की जाए और वसूली गई राशि की निष्पक्ष जांच हो। उन्होंने रेरा और कॉलोनाइजर एक्ट का हवाला देते हुए 15 दिनों के भीतर कॉलोनी को नगर पालिका को हैंडओवर कराने की मांग उठाई है। साथ ही यह सुझाव भी दिया गया है कि यदि बिल्डर सहयोग न करे, तो उसके खाली प्लॉटों को नीलाम कर मेंटेनेंस फंड बनाया जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पैराडाइज को नर्क बनने से बचाने के लिए क्या कदम उठाता है।

## हाइवे किनारे ट्रांसफार्मरों पर तेल चोर गिरोह का आतंक, कई स्थानों से सैकड़ों लीटर आयल चोरी



बमीठा। बमीठा थाना क्षेत्र में इन दिनों विद्युत ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। नेशनल हाईवे 39 किनारे लगे ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बसारी-कनऊ मार्ग पर सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से करीब 190 लीटर तेल चोरी किए जाने का मामला सामने आया है।

इसी तरह बमीठा पंचायत भवन के पास 25/26 की रात ट्रांसफार्मर से 190 लीटर आयल चोरी हुआ, जबकि चंदनगर में भी 1/2 रात और बसारी क्षेत्र में 2/3 रात को करीब 120 लीटर तेल चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि चोर गिरोह पिकअप वाहन में पहले से नीले रंग के ड्रम लादकर लाते हैं और रात में ट्रांसफार्मर के पास वाहन खड़ा कर तेल निकालकर सीधे ड्रम में भरकर फरार हो जाते हैं।

विद्युत विभाग के अधिकारी सुधीर तिवारी के अनुसार, इन घटनाओं को देखते हुए विभाग ने हाईवे पर रात्रि गश्त बढ़ा दी है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि यदि रात में ट्रांसफार्मर के पास कोई संदिग्ध वाहन या व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल नजदीकी थाने या विद्युत विभाग को सूचना दें, ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## खजुराहो में छत्रसाल जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



खजुराहो। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में सोमवार शाम 5 बजे महाराजा छत्रसाल जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ शिल्पग्राम परिसर से होकर महाराजा छत्रसाल चौराहे तक हुआ, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शेर सिंह राणा सहित बुंदेलखंड के विभिन्न अंचलों से अतिथि उपस्थित रहे। संयोजक धीरू राजा बुंदेला ने बताया कि आगामी वर्ष यह आयोजन दो दिवसीय किया जाएगा। शोभायात्रा में महाराजा छत्रसाल की आकर्षक झांकी मुख्य केंद्र रही, जिसमें अरुण सिंह चंदेल ने महाराज की भूमिका निभाई। घुड़सवार सैनिकों ने धनुष-बाण व भाले के माध्यम से शौर्य गाथा को जीवंत किया। कार्यक्रम में तलवार, डमरू, झांझ, लाठी, ध्वज व मुगदर समूहों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चियों द्वारा किए गए शौर्य प्रदर्शन ने विशेष आकर्षण पैदा किया। नाटक के माध्यम से बुंदेलखंड के जौहर की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। वहीं प्रसिद्ध गायक खनिज सिंह देव ने अपने गीतों के जरिए शौर्य गाथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन राजू सिंह चौहान ने किया और बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए।

## महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण व एचपीवी टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

छतरपुर।

रेड क्रॉस सोसाइटी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिन वार्ड नंबर 11 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं एवं किशोरियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं एचपीवी टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 50 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें गर्भावस्था के दौरान आवश्यक टीकाकरण एवं सुरक्षित प्रसव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि यह सेवा सप्ताह जिला कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं और किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डॉ. निधि रूसिया, जिला अध्यक्ष आरोग्य भारती ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं नियमित जांच, विशेषकर सोनोग्राफी कराने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने योग, ध्यान और सुपोषण के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्रियंका द्विवेदी ने महिला एवं बाल विकास परियोजना तथा जिला स्तरीय टीकाकरण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अंत में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा उपस्थित महिलाओं को सैनिटरी पैड एवं टूथपेस्ट वितरित किए गए।

सुरक्षा कानून से पेंशन-हेल्थ स्कीम तक किए बड़े वादे

## अधिवक्ता वरूण ठाकुर ने पत्रकारों के सामने रखा अपना विजन



छतरपुर। मंगलवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2026 के सदस्य पद प्रत्याशी वरुण ठाकुर ने अपना चुनावी विजन मीडिया के सामने रखा। उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

वरुण ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू कराने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे तथा न्यायालय परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना और सभी अधिवक्ताओं के लिए हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम लागू करने की बात भी उन्होंने कही।

उन्होंने बताया कि आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में अधिवक्ताओं के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी। जूनियर अधिवक्ताओं के लिए स्टाइपेंड योजना और महिला अधिवक्ताओं के लिए विशेष सहायता योजनाएं शुरू करने का भी आश्वासन दिया गया।

अपने विजन में उन्होंने प्रत्येक न्यायालय में आधुनिक चैंबर्स, लाइब्रेरी और रिसर्च सेंटर स्थापित करने, नए अधिवक्ताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा नियमित स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप्स और डिजिटल लॉ ट्रेनिंग शुरू करने की बात कही। साथ ही अधिवक्ता हेल्पलाइन और परिषद कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का वादा किया।

वरुण ठाकुर ने कहा कि सभी वर्गों के अधिवक्ताओं को सम्मान और उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद का चुनाव 12 मई 2026 को प्रस्तावित है, जिसमें वे सीरियल नंबर 116 पर सदस्य पद के लिए चुनाव मैदान में हैं।

## आबकारी अधिकारी की लापरवाही के कारण शराब ठेकेदार नाराज

सिंगरौली :-आबकारी अधिकारी सिंगरौली की लापरवाही के कारण कई ठेकेदार नाराज है क्योंकि शराब दुकानो मे बियर है ही नहीं ग्राहक दुकानो से वापस जा रहे है जिसके चलते शराब कारोबारियों का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है, क्योंकि गर्मी चल रही है बियर की माँग ज्यादा होती है फिर भी माल मिल ही नही पा रहा है।कई शराब ठेकेदारों ने बताया कि आबकारी अधिकारी एसी से बाहर ही नही निकलते है हर महीने मोटी रकम की माँग करते है और घूमने जाने के लिए महीने कई बार इनके द्वारा इनोवा गाड़ी बुक करके माँग की जाती है।कई शराब कारोबारियों ने बताया कि अगर इनका ऐसा ही ब्यवहार रहा तो जल्द ही इनके खिलाफ कलेक्टर से मिलकर शिकायत करेंगें।आबकारी अधिकारी की मिलीभगत से जिले मे कई जगह महुआ की शराब और गाँजा की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है।महुआ की शराब बिक्री के कारण भी शराब ठेकेदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, जो शराब ठेकेदार इनकी बात नही मानता उसको नाजायज साहब के द्वारा परेशान किया जाता है।आबकारी अधिकारी की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के अनुसार जिले के ठेकेदारों मे तरह -तरह की चर्चा का बाजार गर्म हो चूका है अब देखना होगा की इनकी कार्यप्रणाली मे सुधार होता है या शराब कारोबारी इनके खिलाफ लामबंद होते है।

## बागेश्वर महाराज 21 दिन की साधना के लिए बद्रीनाथ रवाना

छतरपुर। दुनिया भर के लिए आस्था का केंद्र बने बागेश्वर धाम के पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपनी 21दिवसीय विशेष साधना के लिए बद्रीनाथ धाम रवाना हो गए। प्रस्थान से पूर्व महाराज श्री ने दोपहर करीब डेढ़ बजे भगवान बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सन्यासी बाबा से आज्ञा ली। इसके पश्चात करीब 3 बजे उन्होंने माता जी को प्रणाम कर अपने आध्यात्मिक सफर की शुरुआत की। इस पावन क्षण का साक्षी पूरा बागेश्वर धाम बना जहां हजारों श्रद्धालु अपने प्रिय गुरु के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर से माता जी के घर तक महाराज श्री पैदल निकले। हजारों लोग जयकारा लगाते हुए पुष्प वर्षा करते चल रहे थे। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव के साथ महाराज श्री की आरती उतारी और उनकी यात्रा के सफल व मंगलमय होने की कामना की। जैसे ही महाराज श्री बद्रीनाथ के लिए रवाना हुए वहां उपस्थित शिष्य मंडल और भक्तगण भावुक हो उठे। आंखों में आंसू और हृदय में श्रद्धा लिए सभी ने अपने गुरु को विदाई दी। बागेश्वर धाम के सेवादार ऋषि शुक्ला ने बताया कि महाराज श्री की यह विशेष साधना 6 मई से 26 मई तक चलेगी। इस दौरान वे एकांत में रहकर आध्यात्मिक तप और साधना करेंगे। इसके पश्चात 26 मई से 30 मई तक वे बद्रीनाथ धाम में ही भक्तों को दिव्य कथा का श्रवण कराएंगे। यह यात्रा केवल एक साधना नहीं बल्कि गुरु और शिष्य के बीच अटूट आस्था, समर्पण और भक्ति का जीवंत उदाहरण बन गई है। बद्रीनाथ की यह आध्यात्मिक यात्रा लाखों भक्तों के लिए प्रेरणा और श्रद्धा का प्रतीक बन चुकी है।

## नवागत एसपी रजत सकलेचा ने संभाला पदभार, कानून व्यवस्था पर सख्त रुख

**महिला सुरक्षा, अवैध शराब और ट्रैफिक सुधार पर रहेगा फोकस**



छतरपुर। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नवागत एसपी रजत सकलेचा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी आदित्य पटले, सीएसपी अरुण सोनी सहित जिले के थाना प्रभारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार संभालने के बाद एसपी ने अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बैठक कर जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

मीडिया से बातचीत करते हुए एसपी रजत सकलेचा ने स्पष्ट किया कि महिला संबंधी अपराधों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाकर आमजन को जागरूक करने की बात कही। एसपी ने कहा कि जिले में अपराध पर नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी और गुंडा-बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने थाना प्रभारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश-मध्यप्रदेश सीमा से लगे होने के कारण जिले में लूट और चोरी जैसी वारदातों की संभावना को देखते हुए एसपी ने इन मामलों को गंभीरता से लेने और उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम सक्रिय रहकर जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

## हाईटेंशन लाइन बनी जानलेवा, हादसों से गुस्साए वार्डवासी थाने पहुंचे



छतरपुर। हरपालपुर के वार्ड क्रमांक 10 राजा कॉलोनी में 11 हजार केवी हाईटेंशन लाइन लोगों की जान पर खतरा बन गई है। हाल ही में दो युवक इस लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और वार्डवासियों ने हरपालपुर थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाईटेंशन लाइन कई मकानों की छतों के ऊपर से गुजर रही है, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कई लोग और मवेशी इस लाइन की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं, लेकिन विद्युत विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वार्डवासियों ने ज्ञापन में मांग की है कि लाइन को जल्द सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए या फिर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। उन्होंने थाना प्रभारी राजेश सिंह सिकरवार से भी हस्तक्षेप कर विद्युत विभाग को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// विवाह सूचना का प्रकाशन //**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2026
बिलासपुर, दिनांक 30.04.2026

श्री धीरज अवस्थी आत्मज स्व. जगदीश प्रसाद माता स्व. श्रीमती रामकली (बड़े भाई श्री नीरज अवस्थी पिता स्व. जगदीश प्रसाद अवस्थी) उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम उदयपुरा वा.क्र. 12 थाना खजुराहो तहसील राजनगर जिला छतरपुर म.प्र.

एवं

दुर्गा चौधरी (तलाकशुदा) पिता स्व. शिव प्रसाद चौधरी माता श्रीमती श्याम बाई चौधरी उम्र 47 वर्ष निवासी वा.क्र. 29 मस्जिद के पास तारबाहर थाना तारबाहर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनांक 08.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



(एस.एस.दुबे)
अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### एफआईआर के विरोध में कर्मचारी संघ एकजुट, निष्पक्ष जांच व निरस्तीकरण की मांग, त्यौंथर तहसील में किया प्रदर्शन

**रीवा।** कूटरचित तरीके से दर्ज की गई एफआईआर के विरोध में रीवा जिले का मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, तहसील शाखा त्यौंथर खुलकर मैदान में आ गया है। संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और एफआईआर निरस्त करने की मांग की है।संघ के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार त्यौंथर वीरेंद्र द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि सिविल अस्पताल त्यौंथर में पदस्थ सुपरवाइजर मनोज कुमार मिश्रा के विरुद्ध दर्ज एफआईआर पूरी तरह फर्जी, निराधार एवं दुर्भावनापूर्ण है। बीते दिवस मनोज कुमार मिश्रा अपने शासकीय दायित्वों के तहत भूमि सीमांकन कार्य के लिए संबंधित पटवारी के साथ ग्राम भुआरा पहुंचे थे। इसी दौरान सीमांकन प्रक्रिया के समय पटवारी द्वारा कथित रूप से अभद्र एवं असहयोगात्मक व्यवहार किया गया, जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।कर्मचारी संघ का आरोप है कि विवाद के पश्चात पटवारी ने अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए थाना जनेह में एकतरफा एफआईआर दर्ज करवा दी, जिसमें वास्तविक तथ्यों को नजरअंदाज किया गया है। संघ ने इसे सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा कि जानबूझकर झूठी शिकायत दर्ज कराकर एक शासकीय कर्मचारी को प्रताड़ित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई न केवल संबंधित कर्मचारी के साथ अन्याय है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। संघ ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, दर्ज एफआईआर को शीघ्र निरस्त किया जाए, जिससे पीड़ित कर्मचारी को न्याय मिल सके।

### नवाचार और त्वरित न्याय की पहल

**रीवा** कलेक्टर के इस एक्शन मोड ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनसुनवाई में आवेदन पर आवेदन' की परंपरा अब नहीं चलेगी।फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण उनकी प्राथमिकता है।कलेक्टर की इस त्वरित कार्यशैली से दूर-दराज से आए ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, हेडमास्टर कमल सरेचा, डॉ लोकेश दुबे एवं समन्वयक श्रीमती रीत मोंगा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कक्षा पहली से 9वीं एवं 11वीं (सैनिक स्कूल सहित) में कक्षा में प्रथम स्थान एवं विषय विशेष में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी पुरस्कार दिए गए।इसी कड़ी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की ओर से कटनी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सैनिक छात्र आदर्श राज को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । साथ ही सायना स्कूल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को भी स्वर्ण पदक, रजत पदक, कांस्य पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। छात्रों की इस सफलता पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. श्रीमती निधि पाठक, सचिव श्रीमती निर्मला सत्येन्द पाठक, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक नें बधाइयाँ दी हैं। इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती बबीता बजाज एवं प्रीति पाठक ने किया । कार्यक्रम डी.सी. मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# खराब मौसम ने बढ़ाई चिंता, खुले आसमान के नीचे खरीदी केंद्रों पड़ा हजारों टन गेहूं भीगा, परिवहन में हो रही देरी से बनी अव्यवस्था, अधिकारी लापरवाह

**रीवा।**

एक ओर रोज मौसम का मिजाज बिगड़ रहा है। कभी आंधी के साथ पानी के छींटे पड़ते हैं तो कभी तेज बारिश होती है। तीन दिन पहले पूरे जिले में अचानक बारिश हुई। कई जगह खुले में रखा गेहूं भीग गया। लेकिन उसे पानी से बचाने के लिए - कोई इंतजाम नहीं किए गए। जिसके चलते सोमवार प्रातः काल हुई बारिश हुआ मंगलवार शाम हुई बारिश में खुले में पड़ाहजारों मीट्रिक टन गेहूं भीग गया, हालात ऐसे हैं मानो यह किसी की जिम्मेदारी ही न हो। सवाल उठ रहा है क्या सरकारी संपत्ति यूं ही खराब होने के लिए छोड़ दी गई है। जिले में गेहूं उपार्जन जारी है। 79 खरीदी केंद्रों पर किसानों से गेहूं खरीदा जा रहा है और अब तक 62046 मी. टन गेंहू की खरीदी भी हो चुकी है। लेकिन भंडारण की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बड़ी मात्रा में अनाज खुले में रखा जा रहा है जो खराब मौसम में भीगने के खतरे में है,। मंगलवार को करहिया मंडी में हजारों बोरी गेहूं शेड के बाहर खुले में रखी मिली। यही स्थिति महसांव और बदवार जैसे अन्य खरीदी केंद्रों में भी देखने को मिल रही है जहां बारिश से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था नहीं की गई तो लाखों







रुपए का अनाज खराब हो गया है,इससे न सिर्फ शासन को नुकसान हुआ बल्कि किसानों की मेहनत पर भी पानी फिर गया। बता दे खरीदी एजेंसी नागरिक आपूर्ति विभाग ने किसानों से जितनी मात्रा में गेहूं की खरीदी की है, उसमें से अब तक 50 प्रतिशत गेहूं का परिवहन हो चुका है। बताया गया है कि अभी तक 24 हजार 923 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन हो चुका है। बताया गया है कि जितने मात्रा में गेहूं का परिवहन हुआ है, उसमें से 16 हजार 535 मीट्रिक टन गेहूं का स्वीकृत पत्रक तैयार हो चुका है। गेहूं बेचने वाले किसानों के खाते में 8 करोड़ रूपए भेजे जा चुके हैं। जबकि 33 करोड़ रूपए का भुगतान प्रकिया में है।सरकारी अनाज की नहीं है किसी को कोई चिंता79 केंद्रों में 52 हजार 756 मीट्रिक टन की खरीदी 34 हजार 771 किसानों ने बुक कराया स्लॉट समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने 34 हजार 771 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है। जिसमें से 14 हजार 858 किसानों के खरीदी केन्द्रों में पहुंच कर गेहूं की बिक्री की है। कुल मिलाकर पंजीयन कराने वाले 13 हजार 131 किसान इस तरह हैं, जिन्होंने स्लॉट बुक नहीं कराया है। 23 मई तक बुक होंगे स्लॉट शासन ने स्लॉट बुक करने की अवधि 23 मई तक बढ़ा दी है। जबकि पहले स्लॉट बुक करने की तिथि 30 अप्रैल तक निर्धारित थी। गेहूं खरीदने की अंतिम तिथि 12 मई तक है।जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 62046 मी. टन हुई गेंहू की खरीदकिसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 16788 किसानों से 62046 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 35911 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जित गेंहू में से 34017 मीट्रिक टन का परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण करा दिया गया है। अब तक किसानों को 56 करोड़ 30 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र जारी कर दिए गए हैं। किसानों के खाते में अब तक 19 करोड़ 50 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिले में 76 खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अब सभी किसान उपार्जन के लिए अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक कर सकते हैं। उपार्जन के लिए साफ-सुथरा और गुणवत्तापूर्ण गेंहू उपलब्ध कराएं। खरीदी केंद्रों में रखा गेहूं भीगाबारिश के अनुमान की चेतावनी के बावजूद समितियों ने गेहूं की बारिश से बचाने किसी तरह की व्यवस्था नहीं की। जिसकी वजह से खरीदी केंद्रों में रखा गेहूं बारिश के पानी में भीग गया। जिस गेहूं का परिवहन गोदामों में कर लिया गया था, वह गेहूं बच गया। बताया गया है कि जिस गेहूं की तोल नहीं हो पाई थी या फिर जो गेहूं ट्रैक्टरों पर लदा था, वह भी बारिश के पानी में गीला हो गया है।

# कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में 283 आवेदनों की सुनी समस्याएं लापरवाही बरतने पर दो कर्मचारियों को निलंबित करने को दिये निर्देश

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने 283 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित आवेदनों में समाधानकारक कार्यवाही के निर्देश दिये। कलेक्टर ने व्हीसी के माध्यम से जुड़े एसडीएम तथा तहसीलदार को निर्देशित किया कि अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई को और अधिक कारगार बनायें। आवेदकों की समस्यायें सुनें तथा उनका निराकरण करें जिससे उन्हें अनावश्यक जिला स्तर पर न आना पड़े।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों का नियमित निरीक्षण कर लंबित आवेदनों में समुचित कार्यवाही नियत समय सीमा में किये जाने के निर्देश देते हुए राजस्व अधिकारियों से कहा कि पटवारी व रीडर के पास यदि, सीमांकन के प्रकरण लंबित रहते हैं तो संबंधितों से अर्थदण्ड वसूला जायेगा। उन्होंने सेमरिया तहसीलदार के रीडर, डीपीसी कार्यालय के लिपिक को लपरवाही बरतने पर निलंबित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर सीईओ जनपद गंगेव को नोटिस देने तथा तहसीलदार सेमरिया व तहसीलदार गुढ़ का एक दिवस का वेतन काटे जाने का निर्देश दिया। जनसुनवाई में संतोष कुमार निवासी जिउला के सीमांकन, शेर सिंह डभौरा के सीमांकन, जगत सिंह पचामा के नक्शा तरमीम कराने, प्रेमेन्द्र सिंह रायपुर कर्चुलियान के सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदारों को शीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार रौरा निवासी जमुना कुशवाहा के सीमांकन कराकर कब्जा दिलाने, नौवस्ता निवासी रामप्रेम पाण्डेय के कम्प्यूरीकृत खसरे में गलत इंट्री की जांच कराने के आवेदन पर संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही के लिये कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। संतोष देवी पाण्डेय मोहरवा के सीमांकन के आवेदन में विलंब होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की तथा तहसीलदार सेमरिया का एक दिन का वेतन काटे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने गाढ़ा निवासी धनेश सोनकर के अधूरे सड़क पुल निर्माण कराने के आवेदन पर कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। दादर निवासी जमानुद्दीन के हैण्डपंप खनन के आवेदन पर परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश सीईओ जनपद को दिये गये।

जनसुनवाई में दूबी निवासी रामसिरोमणि मिश्रा ने कलेक्टर से उनके आवेदन पर कार्यवाही नहीं होने की शिकायत की कलेक्टर ने संवेदनशील दिखाते हुए उन्हें कुर्सी में बिठाया व पानी पिलवाया तदुपरांत उनकी समस्या सुनी। श्री मिश्रा ने शासकीय हैण्डपंप को जबरन कब्जा किये जाने का आवेदन दिया कलेक्टर ने तहसीलदार को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में सेवानिवृत्ति के उपरांत स्वत्व भुगतान न होने के अधिकाधिक प्रकरण आ रहे हैं उन्हें गंभीरता से निराकृत करायें अन्यथा संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों के आवेदन पंजी किये गये तदुपरांत कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई के बाद उन्हें पावती दी गई। सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एवं अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं। जिला स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार उपस्थित रहे तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई में जुड़े।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लापरवाह अधिकारियों को दिया नोटिस

**रीवा ।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने 8 लापरवाह अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान में रूचि न दिखाने, लापरवाही बरतने और शासकीय निर्देशों की लगातार उपेक्षा करने पर जनपद पंचायत के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत जवा नागेन्द्र सिंह, रीवा सुश्री रश्मि गौतम, गंगेव श्रीमती श्रुत्रि त्रिवेदी, रायपुर कर्चुलियान गोविंद नारायण श्रीवास्तव, त्योंथर पुनीत द्विवेदी, सिरमौर सुनीता शुक्ला, नईगढ़ी अनीश पाण्डेय, हनुमना अभिषेक पाण्डेय तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा मऊगंज अनुराग सिंह को नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत गंगेव के उपयंत्रियों सुरेन्द्र मिश्रा, केएल पट्टा, अरविंद त्रिवेदी तथा मुस्तबा आरिफ एवं जनपद पंचायत हनुमना के उपयंत्रियों वैभव मिश्रा, रूपेश सिन्हा, राजकुमार पटेल, तथा हर्षित पाण्डेय को भी जल गंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही बरतने पर नोटिस दिया है। नोटिस का 7 मई तक संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उपयंत्री जनपद पंचायत नईगढ़ी विजय मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, श्रीमती संध्या मिश्रा तथा दीपक शर्मा को भी नोटिस दिया है। इसी तरह जनपद पंचायत मऊगंज के उपयंत्री शोभनाथ साकेत, शिवेन्द्र तिवारी, पवन गुप्ता, दद्दन पाठक तथा बैकुण्ठ शुक्ला को नोटिस दिया गया है। जनपद पंचायत जवा के उपयंत्रियों मोहसिन खान, देवेश शुक्ला, आशीष तिवारी, विमलकांत गौतम, राजेश शुक्ला तथा जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के उपयंत्री संतोष मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, जितेन्द्र सिंह एवं हरेन्द्र साहू को नोटिस दिया गया है। जनपद पंचायत रीवा के उपयंत्री स्मिता तिवारी, महेश स्वर्णकार, लक्ष्मीकांत तिवारी, अशोक शुक्ला, अरूण पटेल और अजय पटेल को नोटिस दिया गया है। जनपद पंचायत सिरमौर के उपयंत्री राजेश पाण्डेय, राहुल मिश्रा, राजधर द्विवेदी, हीरालाल मिश्रा, भोला पटेल तथा राजीव मरावी को नोटिस दिया गया है। जनपद पंचायत त्योंथर के उपयंत्री एचडी पटेल, प्रभाकर पटेल, मनीष यादव, लक्ष्मीकांत मिश्रा, चितांश नायर तथा मनीष ओझा को नोटिस दिया गया है।

## रीवा में मौसम ने बदली करवट, तेज बारिश के साथ गिरे जोरदार ओले

तेज हवाओं ने बढ़ाई ठंड ओलों से सफेद हुईं सड़कें

**रीवा ।** शहर में मंगलवार शाम मौसम ने अचानक करवट बदली। तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई और देखते ही देखते बड़े-बड़े ओले गिरने लगे। कुछ ही मिनटों में सड़कें ओलों से सफेद हो गईं।

### शाम को बदला मौसम का मिजाज

तकरीबन शाम 7 बजे आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ ही गोले के आकार के ओले गिरने लगे, जिससे लोग घरों में दुबक गए। करीब 15 मिनट तक ओलावृष्टि होती रही।

### सड़कों पर जमी ओलों की सफेद चादर

ओले इतने बड़े और ज्यादा मात्रा में गिरे कि सड़कों, छतों और गलियों में सफेद चादर बिछ गई। शहर के कई इलाकों में लोगों ने ओले गिरने का वीडियो भी बनाया। अचानक हुई ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट आई और ठंड बढ़ गई।

### मौसम विभाग का अलर्ट

मौसम विभाग ने पहले ही रीवा संभाग में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की थी। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में भी मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक बाहर न निकलने की अपील की है।

## लग्जरी कार में नशीली सिरप व शराब की तस्करी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार15 शीशी नशीली सिरप और 192 पाव शराब बरामद

*रीवा।*



जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सगरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लग्जरी कार में नशीली सिरप और शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और शराब जब्त की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सगरा थाना पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन में अवैध नशीली सिरप एवं शराब की खेप लेकर कुछ लोग क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल रणनीति बनाकर संदिग्ध वाहन की घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने एक लग्जरी कार को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 15 शीशी नशीली सिरप एवं 192 पाव शराब बरामद हुई। वाहन में सवार दो व्यक्तियों को मौके से हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान मोहित रजक निवासी मलियान टोला एवं समशुल हक उर्फ राज खान निवासी धोबिया टंकी के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है। प्रारंभिक पूछताछ में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नशीला सामान कहां से लाया जा रहा था और इसका नेटवर्क किन-किन लोगों तक फैला हुआ है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस अवैध तस्करी के पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

## किसान के घर पड़ा डाका, 155 बोरी गेहूं पारचोरहटा थाना क्षेत्र के रऊसर गांव में हुई वारदात, ट्रक लगाकर ले गए अनाज, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**रीवा।** जिले में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर में रखा करीब 155 बोरी गेहूं पार कर दिया। घटना चोरहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रऊसर हनुमान नगर की बताई जा रही है। इस वारदात से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और उसकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रऊसर निवासी किसान बृजवासी प्रसाद मिश्र ने अपनी फसल को बोरियों में भरवाकर घर में सुरक्षित रखा था। किसान ने बताया कि बीती शाम वह गेहूं की बोरियां भरवाने के बाद सामने स्थित अपने दूसरे मकान में चले गए थे। अगली सुबह जब वह मंडी में गेहूं बेचने की तैयारी के लिए पहुंचे, तो वहां रखा पूरा गेहूं गायब मिला। पीड़ित किसान के अनुसार अज्ञात चोर करीब 155 बोरी गेहूं चोरी कर ले गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं की चोरी बिना वाहन के संभव नहीं है। घटनास्थल पर ट्रक के पहियों के निशान भी मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि चोर ट्रक लगाकर गेहूं लोड कर ले गए। यह वारदात पूरी तरह सुनियोजित प्रतीत हो रही है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके। प्रारंभिक अनुमान है कि चोरी किया गया गेहूं ट्रक के माध्यम से रीवा शहर की ओर ले जाया गया है। पीड़ित किसान ने बताया कि 14 तारीख को मंडी में गेहूं बेचने के लिए उसका स्लॉट बुक था, लेकिन उससे पहले ही यह घटना हो गई।

## कलेक्टर सूर्यवंशी एक्शन मोड में, पेंशन प्रकरण रोकने पर जिला पंचायत अध्यक्ष के पति को फटकार, लापरवाह बाबू निलंबित और डीपीसी पर कार्यवाही के निर्देश

**रीवा।** जिले में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान आज कलेक्टर का सख्त और संवेदनशील रुख देखने को मिला।बार-बार एक ही शिकायत लेकर पहुंच रहे फरियादियों की समस्याओं का समय पर निराकरण न होने पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए मौके पर ही कई कड़े फैसले लिए।पेंशन प्रकरण में देरी और शासकीय हैंडपंप पर अवैध कब्जे जैसे गंभीर मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए उन्होंने सूरज ढलने से पहले कार्यवाही सुनिश्चित करने का अल्टीमेटम दिया है।*पेंशन प्रकरण में बड़ी कार्यवाही बाबू निलंबित डीपीसी पर गिरेगी गाज जनसुनवाई के दौरान फरियादी जितेंद्र सिंह ने शिकायत की कि भविष्य निधि राशि खाते में जमा न होने के कारण उनकी पेंशन लंबे समय से रुकी हुई है। इस मामले में पांच बार आवेदन देने के बाद भी कार्यवाही न होने पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा केंद्र के कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष के पति सोमनाथ कोल को इस प्रकरण में हस्तक्षेप और देरी को लेकर कड़ी फटकार लगाई।साथ ही संबंधित बाबू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा डीपीसी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए।

### तहसीलदार और नायब तहसीलदार की लगी क्लास

एक अन्य संवेदनशील मामले में कनौजा गोविंदगढ़ निवासी राम शिरोमणि मिश्रा ने शिकायत की कि स्थानीय दबंगों ने शासकीय हैंडपंप को अपने घर के अंदर कर लिया है,जिससे पूरा गांव पानी के लिए तरस रहा है। फरियादी ने बताया कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस पर कलेक्टर ने जनसुनवाई में ही मौजूद तहसीलदार और नायब तहसीलदार को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि आज शाम ढलने से पहले हैंडपंप को मुक्त कराया जाए, अन्यथा निलंबन की कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

## नरवाई में आग लगाने वालों के विरूद्ध की गई कार्यवाही, जिले में नरवाई जलाने के 168 प्रकरणों पर नोटिस जारी

**रीवा।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश गतदिनों जारी किये हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में लागू है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। जिले में नरवाई जलाने के 168 प्रकरणों में नोटिस जारी किये गये हैं। उप संचालक कृषि यूपी बागरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील हुजूर में तीन, गुढ़ में 4, मनगवां में 6, सिरमौर में 38, सेमरिया में 12, त्योंथर में 99 तथा जवा में 6 प्रकरणों में प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर संबंधितों को नोटिस जारी किया गया है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई कार्यक्रम में 28 आवेदन पत्रों पर की सुनवाई

**मऊगंज**

कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजनता के 28 आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम हरई प्रताप सिंह वार्ड क्रमांक तीन गड़हा टोला के निवासियों ने आम रास्ता खुलवाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार नईगढ़ी निवासी अमृतलाल पटेल, मिसिरगवां निवासी मोतीलाल शुक्ल, ग्राम अमोखर सुनील कुमार पाण्डेय, हन्ना चौर निवासी रामलाल कोरी, ग्राम गौरी निवासी छोटेलाल लोनिया तथा नगर परिषद वार्ड क्रमांक आठ के निवासियों सहित अन्य व्यक्तियों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। जनसुनवाई में खसरा सुधार, अतिक्रमण हटाने, नाली निर्माण कराने, खाद्यान्न न मिलने, आवासीय कालोनी से 33 हजार केव्ही विद्युत लाइन हटाने, फर्जी समूह बनाकर आजीविका मिशन के तहत बैंक से रुपए निकाल लिए जाने, पोल्ट्री फार्म स्थानांतरित करने सहित आमजनों की अन्य समस्याओं पर सुनवाई की गई। कलेक्टर ने संबंधित आवेदनों पर विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही के निर्देश दिये।



## मऊगंज पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान : पुलिस ने 25 गुमशुदा बच्चों को खोजा, कई राज्यों से की सुरक्षित दस्तयाबी

**मऊगंज।** जिले की पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह परिहार तथा एसडीओपी सचि पाठक के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस ने अप्रैल 2026 में 25 गुमशुदा बच्चों को खोजकर सुरक्षित उनके परिजनों से मिला दिया। इस अभियान ने न सिर्फ बच्चों की वापसी सुनिश्चित की, बल्कि समाज में सुरक्षा के प्रति विश्वास भी मजबूत किया।पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत मऊगंज जिले में उल्लेखनीय सफलता सामने आई है। गत 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चले इस अभियान में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के मार्गदर्शन में गठित टीमों ने तकनीकी विश्लेषण और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यवाही के जरिए कुल 25 गुमशुदा नाबालिग बच्चों को सुरक्षित दस्तयाब किया। इनमें 2 बालक और 23 बालिकाएं शामिल हैं।थाना मऊगंज पुलिस ने 7 बच्चों को खोजने में सफलता पाई, जबकि थाना नईगढ़ी ने 8 बालिकाओं को सुरक्षित घर पहुंचाया। इसके अलावा हनुमना, लौर और शाहपुर थाना पुलिस ने भी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस टीमों ने पुराने लंबित मामलों और जटिल परिस्थितियों के बावजूद लगातार प्रयास जारी रखते हुए महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, तेलंगाना, बिहार और उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों से भी बच्चों को खोजकर वापस लाया।अभियान के दौरान पुलिस ने बच्चों और उनके परिजनों को "गुड टच-बैड टच", महिला सुरक्षा और जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने कहा कि हर गुमशुदा बच्चे की सुरक्षित वापसी उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह सफलता टीम के समर्पण व संवेदनशीलता का परिणाम है।

